**In The Court Of District & Additional Sessions Judge-I-cum Special Judge NDPS Act, and P.O. of Children Court, Begusarai**

***Present:- M.P Singh***
***District & Additional Sessions Judge-I, Begusarai***

Schedule XLII – Form No. (J) 12

**FORM OF HEADING OF DEPOSITION**

**NDPS Case No. 01 of 2024**

Deposition of witness No.1 for the prosecution PW aged about 31 years taken on solemn affirmation on the **23/05/2025**

My name - **Lalit Kumar**

I am the S/o~~D/o/W/o~~- Shatrughan Sahani

My age is 31 years. I am by religion Hindu My nationality is Indian.

My home is at mauza Unayvasi, Police Station- Tajpur, District- Samastipur

I reside at present in mauza Teghra, Police station Teghra, District Begusarai

where I am . सिपाही

**On Oath :-**

---

**मुख्यपरीक्षण**

1. घटना 05.01.2024 की है। उस समय मैं नगर थाना में टाईगर मोबाईल के पद पर पदस्थापित था। हम लोग गश्ती में थे तो सर का फोन आया। तब अपने वरीय पदाधिकारी के साथ नौलखा मंदिर बिशनपुर लीची गाछी के पास पहुचे तो वहां पर पांच आदमी संदिग्ध अवस्था में था जो पुलिस को देख कर भागने लगा तब मै, प्रेम चन्द्र कुमार टाईगर मोबाइल, पुअनि रविन्द्र प्रसाद पाल एवं दो होम गार्ड साथ में थे तथा तीन संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। तीनों से नाम पता पुछने पर उन्होने ने अपना नाम लाल बाबु चौधरी, कृष्णा उर्फ विवेक कुमार, छोटु साह बताया।
2. लाल बाबु के पास से एक लोडेड कट्टा मिला जिसे खोलने पर .315 बोर का एक कारतूस मिला एवं शर्ट के पॉकेट से 12,000 रूपया मिला। कृष्णा उर्फ विवेक के पास से देसी कट्टा जिसे खोलने पर दो कारतूस निकला एवं उसके कमीज के पॉकेट से 28,000 रूपया बरामद हुआ। छोटु के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया एवं पैंट के दाहिना पॉकेट 15,000 रूपया बरामद किया गया।
3. जहां वे लोग बैठे थे वहां का तलाशी लिया गया तो तलाशी के कम में प्लास्टिक से सिल किया हुआ एक पैकेट था जिसे चेक करने पर गांजा मिला जिसका कुल वजन 01 किलो 100 ग्राम था।
4. लाल बाबु चौधरी के पास जप्त सामान का जप्ती सूची उसी जगह बना जिस पर मैनें हस्ताक्षर किया, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P1/PW1 अंकित किया जाता है।
5. छोटु साह के पास जप्त सामान का जप्ती सूची उसी जगह बना जिस पर मैनें हस्ताक्षर किया, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P2/PW1 अंकित किया जाता है।
6. कृष्णा उर्फ विवेक कुमार के पास जप्त सामान का जप्ती सूची उसी जगह बना जिस पर मैनें हस्ताक्षर किया, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P3/PW1 अंकित किया जाता है।
7. जप्त गांजा का जप्ती सूची उसी जगह बना जिस पर मैनें हस्ताक्षर किया, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P4/PW1 अंकित किया जाता है।
8. लाल बाबु चौधरी का गिरफतारी मेमो बना जिस पर मेरा हस्ताक्षर है, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P5/PW1 अंकित किया जाता है।
9. कृष्णा उर्फ विवेक कुमार का गिरफतारी मेमो बना जिस पर मेरा हस्ताक्षर है, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P6/PW1 अंकित किया जाता है।
10. छोटु साह का गिरफतारी मेमो बना जिस पर मेरा हस्ताक्षर है, पहचानता हूं, हस्ताक्षर को Ext.P7/PW1 अंकित किया जाता है।
11. सभी अभियुक्त को पहचानता हूं।

**In The Court Of District & Additional Sessions Judge-I-cum Special Judge NDPS Act, and P.O. of Children Court, Begusarai**

***Present:- M.P Singh***
***District & Additional Sessions Judge-I, Begusarai***

*****प्रतिपरीक्षण अभियुक्त कृष्णा उर्फ विवेक कुमार की ओर से श्रीमती सुमन कुमारी*****

12. गिरफतारी मेमो पर मेरा केवल हस्ताक्षर है। जप्ती सूची पर मेरा केवल हस्ताक्षर है।
13. जप्त सामान अभी मेरे समक्ष न्यायालय में नहीं है।
14. गश्ती दल में पांच सदस्य थे। जप्ती सूची पर मैं एवं प्रेम चन्द्र कुमार ने हस्ताक्षर किया एवं रविन्द्र प्रसाद पाल जप्ती सूची को लिख रहे थे। जप्ती सूची पर अन्य स्वतंत्र गवाह का हस्ताक्षर नहीं है क्योकि लोग तैयार नहीं हुए थे। वहां पर हम पांचों के अलावा अन्य दस आदमी भी थे।
15. ऐसी बात नहीं है कि अभियुक्त के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ एवं वरीय पदाधिकारी के कहने पर गलत बयान दिया है।

**अन्य अभियुक्तों के तरफ से प्रतिपरीक्षण के लिए कोई उपस्थित नही हुआ अतः गवाह को उन्मुक्त किया जाता है।**

---

**उक्त ब्यान मेरे द्वारा न्यायालय में दिया गया है तथा जिसे सुनने/पढ़ने के पश्चात सही पाये जाने पर न्यायालय में अपना अंगूठा/हस्ताक्षर लगा रहा/रही हूँ।**

सि0/867 ममित कुमार

गवाह का हस्ताक्षर/अंगूठा का निशान

---

Typed by Deposition writer under my dictation, corrected and Signed by me.

Deposition Writer
23/05/2025

Addl. Sessions Judge – I-cum,
Spl. Judge NDPS Act., Begusarai
23/05/2025